# बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर

(धरमपुरा) जिला – बस्तर (छ.ग., भारत) 494005

# विद्यापरिषद
# की बैठक
# दिनांक 28.07.2015

- विषय सूची
- कार्यवाही विवरण
- विषय / विभागीय टीप से संबंधित संलग्न समस्त दस्तावेज सहित

28 जुलाई 2015

# बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर
# BASTAR VISHWAVIDYALAYA, JAGDALPUR
(A STATE UNIVERSITY)
(Dharampura Distt.-Bastar C.G. India ) 494001
Phone & Fax no. - 07782-229037 www.bvvjdp.ac.in


क्रमांक /1422/ ब.वि.वि./ 2015 जगदलपुर, दिनांक 05/8/2015

विद्या–परिषद की बैठक दिनांक 28.07.2015 को समय दोपहर 12.30 बजे विश्वविद्यालय के सभा भवन में आयोजित किया गया जिसमें निम्नानुसार सदस्य उपस्थिति हुए :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. एन.डी. आर. चन्द्र, कुलपति, बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | अध्यक्ष |
| 2. | श्री अनिल कुमार तिर्की प्रभारी कुलसचिव बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | सचिव |
| 3. | डॉ. सी.आर. पटेल, शास. गेंदसिंह महाविद्यालय, चारामा | संकायाध्यक्ष सामाजिक विज्ञान संकाय |
| 4. | श्री आई.पी.तिवारी, श्री वेदमाता गायत्री शिक्षा महाविद्यालय, जगदलपुर | संकायाध्यक्ष शिक्षा/कला संकाय |
| 5. | डॉ. एम.एल. लखनपाल, शास. नवीन महाविद्यालय, भानपुरी | संकायाध्यक्ष विज्ञान/विधि संकाय |
| 6. | डॉ. आर. के. हिरकने, प्राचार्य, शास. भानुप्रतापदेव पी.जी. महावि., कांकेर | संकायाध्यक्ष वाणिज्य संकाय |
| 7. | डॉ. जी.पी.खरे, प्राचार्य, शास. अभियांत्रिक महाविद्यालय, जगदलपुर | संकायाध्यक्ष ग्रामीण प्रौद्योगिकी |
| 8. | डॉ. श्रीमती के.इन्दिरा, प्राध्यापक शास. काकतीय पी.जी. महाविद्यालय, जगदलपुर | अध्यक्ष रसायनशास्त्र |
| 9. | डॉ. एच.के.एस.गजेन्द्र, शास. अरविन्द महाविद्यालय, किरन्दुल | अध्यक्ष प्राणी विज्ञान |
| 10. | डॉ. स्वपन कुमार कोले, अध्ययनशाला बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | अध्यक्ष मानवविज्ञान एवं जनजातीय |
| 11. | डॉ. (श्रीमती) एस.आतराम शास. पी.जी. महाविद्यालय, कांकेर | अध्यक्ष राजनीति शास्त्र |
| 12. | डॉ. डी.पी.कुर्रे, शास. दन्तेश्वरी महिला महाविद्यालय,दन्तेवाड़ा | अध्यक्ष अर्थशास्त्र |
| 13. | डॉ. एस.आर. बंजारे, शास. पी.जी. महाविद्यालय, कांकेर | अध्यक्ष हिन्दी |
| 14. | सुश्री टी. अख्तर, शास.पी.जी. महाविद्यालय, जगदलपुर | अध्यक्ष अंग्रेजी |

| | | |
|---|---|---|
| 15. | कु. पदमा अग्रवाल,<br>मनसा महाविद्यालय, कुरूद | अध्यक्ष<br>शिक्षा |
| 16. | श्री एस.पी. तिवारी,<br>शास. दन्तेश्वरी महिला महावि., जगदलपुर | अध्यक्ष<br>प्राचीन भारतीय इतिहास |
| 17. | डॉ. शरद नेमा,<br>अध्ययनशाला बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | अध्यक्ष<br>वानिकी एवं वन्यजीव |
| 18. | डॉ. डी.डी.प्रुष्टी<br>शास.छ.ग. महाविद्यालय, रायपुर | अध्यक्ष<br>विधि |
| 19. | डॉ. विनोद सोनी,<br>अध्ययनशाला बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | सदस्य |
| 20. | डॉ. आनंदमूर्ति मिश्रा,<br>अध्ययनशाला बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर | सदस्य |

उक्त सम्मिलित सदस्यों का स्वागत किया गया।

**विषय क्रमांक –1**

बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को अध्ययन मंडल द्वारा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा प्रावधानित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के क्रेडिट बेस्ड सिस्टम को लागू किये जाने विषयक।

**निर्णय –** बस्तर विश्वविद्यालय के अध्ययनशाला एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के पूर्व से संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम सेमेस्टर पद्यति (नियमित) के अतिरिक्त अन्य स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों, वार्षिक (नियमित) में सेमेस्टर पद्यति लागू करने एवं सेमेस्टर के साथ डिप्लोमा पाठ्यक्रम में पुनर्मूल्यांकन की प्रथा समाप्त करने एवं पुनर्गणना की प्रथा यथावत जारी रखने के संबंध में कार्यपरिषद बैठक दिनांक 08.07.2014 के द्वारा गठित समिति के प्रतिवेदन दिनांक 12.06.2015 को मान्य करते हुए पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के स्नातकोत्तर पाठ्यकम के संशोधित अध्यादेश 170 को बस्तर विश्वविद्यालय, के अध्यादेश 170 में यथा संशोधन करने एवं विनियम 149 के अनुसार सेमेस्टर पद्याति में (क्रेडिट बेस्ट सिस्टम) शैक्षणिक सत्र 2015–16 से बस्तर विश्वविद्यालय में लागू करने संबंधी अध्ययन मंडल की बैठक दिनांक 29.06.2015 एवं 24.07.2015 की अनुशंसा को मान्य करते हुए विनियम 149 को अंगीकृत करने का निर्णय लिया गया। बोर्ड के सदस्यों ने कतिपय पाठ्यक्रमों में परिवर्तन का सुझाव दिया था। व्यवहारिक कठिनाईयों के कारण प्रस्ताव अमान्य किया गया।

विषय क्रमांक –2

बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2015–16 हेतु संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों को मुद्रण कराये जाने विषयक।

निर्णय – बस्तर विश्वविद्यालय में संचालित समस्त स्नातक एवं स्नातकोत्तर वार्षिक एवं सेमेस्टर पद्यति के लिए प्रचलित पाठ्यक्रमों को बस्तर विश्वविद्यालय में पहले से संचालित विषय वानिकी एवं वन्यजीव, ग्रामीण प्रौद्योगिकी एवं समाजकार्य के पाठ्यक्रम के साथ पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के समस्त पाठ्यक्रमों को क्रेडिट बेस्ट सिस्टम के साथ पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा गीता प्रिन्टिग प्रेस से मुद्रण हेतु अपनाई गई दर एवं प्रक्रिया के अनुसार या किसी अन्य या पूर्व में बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर द्वारा पाठ्यक्रम मुद्रण हेतु की गई प्रक्रिया अनुसार समस्त पाठ्यक्रमों का मुद्रण नियमानुसार करवा कर महाविद्यालयों एवं छात्रों के लिए सुलभ कराने की अनुशंसा की गई। अध्ययन मंडल के सदस्यों द्वारा पाठ्यक्रमों का मुद्रण आवश्यकतानुसार प्रतिवर्ष सत्रानुसार करवा कर उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को मान्य किया गया। पाठ्यक्रम एवं अध्यादेश में बस्तर विश्वविद्यालय द्वारा किसी प्रकार का पूर्व में संशोधन यदि किया गया हो तो उसे पाठ्यक्रम मुद्रण के समय जोड़ लिया जावें।

विषय क्रमांक –3

बस्तर विश्वविद्यालय अध्ययनशाला में संचालित बी.एड. पाठ्यक्रम में शैक्षणिक सत्र 2015–16 के प्रवेशित छात्र – छात्राओं के चयनित गणवेश की अनुशंसा किये जाने विषयक।

निर्णय – बस्तर विश्वविद्यालय के बी.एड. अध्ययनशाला के छात्रों के लिए शैक्षणिक सत्र 2015–16 के प्रवेशित छात्र–छात्राओं के कुलपति महोदय द्वारा चयनित गणवेश का अनुमोदन किया गया।

## टेबल एजेण्डा क्रमांक

विषय क्रमांक –01

बी.एड. में शिक्षकों की नियुक्ति हेतु शैक्षणिक योग्यता, NCTE एवं यू.जी.सी. का मानदण्ड सृजत पद एवं विज्ञापन किये जाने वाले पदों में विसंगतियाँ वेतन आदि।

निर्णय –

बी.एड. की शिक्षकों की नियुक्ति हेतु एन.सी.टी.ई. द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार शैक्षणिक पदों के सृजन हेतु राज्य शासन से अनुमति ली जावे। साथ ही पूर्व में राज्य शासन द्वारा स्वीकृत पद एवं वेतनमान की विसंगति के निराकरण हेतु विशेष वाहक भेजकर अनुमति हेतु पहल की जावे इसमें यह ध्यान रखा जावे चूंकि बस्तर विश्वविद्यालय के शिक्षा अध्ययनशाला विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के रेगुलेशन से संचालित होती है फलस्वरूप बस्तर विश्वविद्यालय में संचालित बी.एड. के शिक्षकों का पद एवं वेतनमान यू.जी.सी. के मापदण्ड के अनुसार हो इस पर स्वीकृति हेतु राज्य शासन से पत्राचार किया जावे। तब तक के लिए वर्तमान में स्वीकृत पदों पर संविदा नियुक्ति के माध्यम से पाठ्यक्रम का संचालन किया जावे।

विषय क्रमांक –02

बी.एड. में नियुक्ति के गोपनीय पैनल प्रस्तुत करने बाबत्।

निर्णय –

विश्वविद्यालंय के बी.एड. पाठ्यक्रमों में शिक्षकों की नियुक्ति हेतु पदों की स्वीकृति हेतु नवीन प्रावधान के अनुसार एवं पूर्व के स्वीकृत पद एवं वेतनमान में विसंगति पर पत्राचार जारी है फलस्वरूप नियमित नियुक्ति नहीं की जा रही है। गोपनीय पैनल का प्रस्ताव को स्थगित रखा जावे।

विषय क्रमांक –03

बस्तर विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2015–16 से स्नातकोत्तर कक्षाओं में सेमेस्टर लागू होने पर स्नातकोत्तर कक्षाओं के और अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा के आयोजन पर विचार करना।

निर्णय –

विश्वविद्यालय में वार्षिक पद्यति से संचालित स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम जिनमें अमहाविद्यालयीन की प्रथा अध्यादेश में नहीं है पाठ्यक्रमों को छोडकर अन्य स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में पूर्ववत अमहाविद्यालयीन विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रख कर यथावत जारी जाने की अनुशंसा की गई है।

विषय क्रमांक –04

बस्तर विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित विधि पाठ्यक्रम हेतु पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के संशोधित अध्यादेश 180 को अंगीकृत करने हेतु विचार करना ।

निर्णय –

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के संशोधित अध्यादेश 180 के अनुसार बस्तर विश्वविद्यालय, के अध्यादेश 180 में यथा संशोधन की स्वीकृति दी गई। जो शैक्षणिक सत्र 2015–16 से लागू होगी तथा बार कौंसिल ऑफ इंडिया द्वारा समय – समय पर लागू किये जाने वाले नियम विश्वविद्यालय के संबद्ध महाविद्यालयों में लागू किया जावेगा।

विषय क्रमांक –05

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली के नये रेगुलेशन के अनुसार द्विवर्षीय बी.एड. पाठ्यक्रम लागू किया गया है। उसे बस्तर विश्वविद्यालय में अंगीकृत कर पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के नवीन अध्यादेश एवं पाठ्यक्रम को बस्तर विश्वविद्यालय में लागू करने पर विचार करना ।

निर्णय –

बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर के स्कूल ऑफ स्टडी इन एजुकेशन में संचालित बी.एड. पाठ्यक्रम को एन.सी.टी.ई. के संशोधित रेगुलेशन के अनुसार द्विवर्षीय पाठयक्रम संचालित करने की अनुशंसा की गई तथा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के अध्यादेश एवं पाठ्यक्रम को यथावत अंगीकृत करने की अनुशंसा की गई है।

उपरोक्त एजेण्डा का अनुमोदन सभी सदस्यों द्वारा सर्वसम्मिति से किया गया तथा भारत के 11वें राष्टपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुलकलाम का दिनांक 27.07.2015 को आकस्मिक निधन पर कुलपति जी द्वारा शोक प्रस्ताव पढ़ा गया और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली देकर विद्या–परिषद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

कुलसचिव
बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर